an>

Title: Regarding construction of Kendriya Vidyalaya buildings in Palamu and Gadwa districts of Jharkhand.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) : मैडम, मेरे संसदीय क्षेत्र में दो जिले आते हैं - पलामू एवं गढ़वा। इन दोनों जिलों के लिए केन्द्रीय विद्यालय की स्वीकृति मिल चुकी है। गढ़वा जिले के लिए पांच साल पहले ही स्वीकृति मिल गयी थी, परन्तु आज तक वहां विद्यालय के लिए भवन का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। वहां पठन-पाठन का कार्य किराए के मकान में चल रहा है। वहां पर बच्चों की संख्या अधिक होने के चलते काफी कठिनाई हो रही है। बरसात के दिनों में उसकी छत टपक रही है, इसलिए मेरा अनुरोध है कि वहां पर शीघ्रातिशीघ्र भवन का निर्माण कराया जाए। इसके लिए भूमि का हस्तांतरण किया जा चुका है।

इसी तरह से पलामू जिले के अंतर्गत केन्द्रीय विद्यालय को स्वीकृति मिल गयी है, लेकिन उसके भवन का निर्माण नहीं हो रहा है। जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन जब तक जमीन का अधिग्रहण नहीं हो जाता है, तब तक पलामू जिले में भी किराए के मकान में पठन-पाठन कार्य शुरू कराया जाए। यही मेरा अनुरोध है।

मैं आपके माध्यम से आदरणीय मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि वे सम्बन्धित पदाधिकारियों को निर्देश देने की कृपा करें, ताकि वहां पठन-पाठन का कार्य शीघ्रातिशीघ्र शुरू कराया जा सके।

माननीय अध्यक्ष :

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल एवं

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री विष्णु दयाल राम द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।